Entrance test for post graduate courses

617. SHRI SHABBIR AHMED SALARIA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that applications were invited and accepted from the doctors of J&K for entrance test for post graduate courses by the competent authority and the last date for receipt of applications was 25th May, 1992;

(b) whether it is also a fact that the entrance test which was to be held in June, 1992 has been postponed;

(c) if so, what are the reasons therefor; and

(d) the number of applications received from the doctors and by when the test is likely to be held?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SMT. D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

सरकारी अस्पतालों में निर्धन लोगों को सुविधाएं

618. **श्री अजीत जोगी**: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी अस्पतालों में निर्धन लोगों को जीवन-रक्षक और अन्य औषधियां निःशुल्क दी जाती हैं ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) सरकारी अस्पतालों में निर्धन लोगों को अन्य कौन-कौन सी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं तथा यह सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं ; और

(घ) इस प्रयोजनार्थ इन अस्पतालों के लिए वित्तीय आबंटन में वृद्धि करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ): (क) से (घ) केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों के सामान्य वार्डों के अंतरंग रोगियों को औषधें/दवाइयां, खुराक और जांच की व्यवस्था निःशुल्क की जाती है। इसके अतिरिक्त, निर्धन वहिरंग रोगियों को भी कुछ चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

चिकित्सा अधीक्षक/विभागाध्यक्ष कुछ विशिष्ट परीक्षणों के लिए वसूल किये जाने वाले शुल्क के भुगतान से निर्धन और जरूरतमंद रोगी को छूट दे सकते हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, रोगी परिचर्या कार्यकलाप के लिए केन्द्र सरकार के अन्तर्गत बड़े अस्पतालों को आबंटित राशि में वृद्धि की गई है।

कुष्ठ रोग का उपचार

619. **श्री अजीत जोगी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में अनुमानतः कितने कुष्ठ रोगी हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्ष के दौरान राज्यवार कितने कुष्ठ रोगियों का उपचार किया गया और उनमें से कितने व्यक्ति रोगमुक्त हो गए ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान कितने रोगियों की मृत्यु हो गई ;

(घ) कितने प्रतिशत बच्चे कुष्ठ रोग से ग्रस्त हैं ;

(ङ) वर्ष 1989–90 और 1990–91 के दौरान कुष्ठ रोग न्यूनन के